समस्या

ठेकेदार ने तोड़ी पुरानी पाइप लाइन, पीएम श्री हाई स्कूल छपरा के छात्र-शिक्षक बूंद-बूंद पानी को तरस रहे

# जल जीवन मिशन की लापरवाही से स्कूल में पेयजल संकट





**नारायणगंज, नवभारत।** ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर जल पहुँचाने के उद्देश्य से शुरू किया गया जल जीवन मिशन नारायणगंज विकासखंड की बबलिया के ग्राम छपरा में प्रशासन की अनदेखी और ठेकेदारों की लापरवाही का शिकार हो गया है। यहाँ के पीएम श्री हाई स्कूल छपरा में पिछले एक साल से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है, लेकिन पीएचई विभाग कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है।

पीएम श्री हाई स्कूल छपरा के प्राचार्य कुरवेती ने बताया कि स्कूल में पहले से बोरवेल के माध्यम से पानी की सुचारू व्यवस्था थी। जल जीवन मिशन के तहत काम कर रहे कर्मचारियों और ठेकेदार ने स्कूल की छत पर पानी की टंकी तो रख दी, लेकिन इस दौरान पुरानी पाइपलाइन में तोड़फोड़ कर दी गई। पाइपलाइन टूटने के बाद से स्कूल में पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद हो गई है।

### पीएचई विभाग ने झाड़ा पल्ला

शाला के प्राचार्य ने बताया कि इस समस्या की लिखित और मौखिक शिकायत पीएचई विभाग नारायणगंज के अधिकारियों से कई बार की गई है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। आलम यह है कि पिछले एक वर्ष से योजना ठप पड़ी है और ठेकेदार पाइपलाइन जोड़ने की जहमत नहीं उठा रहा है।

### प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

पानी की कमी के कारण छात्राओं और स्कूल स्टाफ को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाला के शिक्षकों एवं छात्राओं ने जिला प्रशासन और पीएचई विभाग से मांग की है कि तत्काल टूटी हुई पाइपलाइन को जोड़कर स्कूल में पेयजल आपूर्ति बहाल की जाए। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस शैक्षणिक संस्थान की बुनियादी समस्या पर कब तक संज्ञान लेता है।

# किसली भीलवानी के ग्रामीणों को जल्द मिलेंगे पट्टे

पट्टों के लिए अधिकारियों को फटकार,एसडीएम ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश



**भुआ बिछिया।** विगत दिवस ग्राम पंचायत किसली भीलवानी के ग्रामीणों द्वारा वनाधिकार पट्टों की मांग को लेकर जिला मुख्यालय में दी गई दस्तक का बड़ा असर देखने को मिला है। नवभारत अखबार में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया है। इसी तारतम्य में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिछिया श्रीमती सोनाली देव ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई है।

विगत दिनों सामाजिक कार्यकर्ता सुनील उइके एवं पूर्व जनपद सदस्य अशोक राजपूत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहायक आयुक्त और वन विभाग के अधिकारियों को आवेदन सौंपकर अपनी पीड़ा व्यक्त की थी। कल पुन: सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एसडीएम बिछिया से मिले और बताया कि वे पिछले 15-20 वर्षों से वनाधिकार पट्टों के लिए भटक रहे हैं। पट्टे न होने के कारण ग्रामीण कई महत्वपूर्ण शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं।

नव भारत खबर का असर

ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम श्रीमती सोनाली देव ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और वन विभाग के संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाकर कार्य में देरी के लिए कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विधिवत कार्यवाही पूर्ण कर जल्द से जल्द प्रस्ताव बनाकर भेजें, जिससे ग्रामीणों को उनके हक के पट्टे मिल सकें। उन्होंने समस्त ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इस प्रक्रिया में अब और विलंब नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर भूतपूर्व सरपंच दल सिंह टेकाम, रामदीन टेकाम, मंगल सिंह बदरिया, मान सिंह टेकाम, राकेश वालाडी, भुजबल मरावी, हीरा लाल उइके, करन सिंह मरावी, कन्हैया सिंह मरकाम सहित किसली भीलवानी के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एक किमी दूर नर्मदा नदी से पानी ढोने को मजबूर 50 परिवार

बड़झर में तीन माह से हैंडपंप बंद, पीएचई विभाग ने शिकायत के बाद भी नहीं दिया ध्यान



**मोहगांव/बड़झर।** विकासखंड मोहगांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़झर के वार्ड नंबर 2 में पेयजल संकट गहरा गया है। यहाँ सुम्मत सिंह परते के घर के पास लगा वर्षों पुराना हैंडपंप पिछले तीन महीनों से खराब पड़ा है। भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ ही पानी की आपूर्ति बंद होने से ग्रामीणों की मुसीबतें दोगुनी हो गई हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर से आँखें मूंदे बैठा है।

ग्रामीणों ने बताया कि हैंडपंप सुधारने के लिए पीएचई जिला कार्यालय मंडला में लिखित आवेदन दिया जा चुका है। कार्यालय से आश्वासन मिला था कि होली और रंग पंचमी के तुरंत बाद हैंडपंप चालू कर दिया जाएगा। परंतु हफ्ता बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि अब विभाग द्वारा दिए गए संपर्क नंबरों पर फोन करने पर अधिकारी कॉल रिसीव करना भी बंद कर दिए हैं।

वार्ड नंबर 2 की पंच अंजुलता परते और समाजसेवी पीडी खैरवार ने बताया कि इस वार्ड के लगभग 50 परिवारों के सामने पानी का विकराल संकट खड़ा हो गया है। हैंडपंप बंद होने के कारण महिलाओं और बुजुर्गों को लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित नर्मदा नदी से सिर पर बर्तन ढोकर पानी लाना पड़ रहा है। दहकती धूप में यह सफर ग्रामीणों के लिए बेहद कष्टकारी साबित हो रहा है।

### प्रशासन से शीघ्र समाधान की अपील

इस विकट समस्या को लेकर ग्रामीण बसंती मरावी, प्रियंका परते, समरती, सुकरती, बसंती धुर्वे, मीरा बाई, कमलिया, मोहन, सम्मत लाल, परशुराम मरावी, कलीराम, बुधराम और गोविंद परते सहित अन्य ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही हैंडपंप ठीक नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# 20 मार्च को मनाया जाएगा भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव

बैठक में लिया गया निर्णय, फूड फेस्टिवल, सिंधी नाट्य मंचन और वाहन रैली समेत होंगे विविध आयोजन



**अंजनिया।** सिंधी समाज के इष्ट देव, वरुण अवतार भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव चेटीचंड महोत्सव के रूप में आगामी 20 मार्च को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। आयोजन को भव्य रूप देने के लिए सिंधी समाज द्वारा बैठक आयोजित कर कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है।

आयोजन की श्रृंखला में 14 मार्च को अंबेडकर वार्ड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में प्रात: 6 बजे अमृत वेला में श्री गुरुग्रंथ साहिब जी का पाठ आरंभ किया जाएगा। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम विशेष आरती व पूजा आयोजित होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

### होंगे विविध आयोजन

समाज की प्रतिभाओं को मंच देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 15 मार्च को चित्रकला, महिलाओं द्वारा आनंद मेला और संगीत निशा, 18 मार्च को बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, फैंसी ड्रेस, खेलकूद और मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 19 मार्च को सास-बहू जोड़ी डांस, और सिंधी नाट्य मंचन की प्रस्तुति होगी।

### शोभायात्रा के साथ निकाली जाएगी वाहन रैली

बैठक के दौरान सिंधी समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि महोत्सव के मुख्य दिन 20 मार्च को सुबह 9 बजे अंबेडकर वार्ड से विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी, जो मंडला और महाराजपुर के मुख्य मार्गों से भ्रमण करेगी। इसके पश्चात श्री गुरुग्रंथ साहिब के पाठ का भोग एवं आम लंगर भंडारा आयोजित होगा। इसके पश्चात सायं काल में पूज्य मुखी साहब की मौजूदगी में पंडित वासुदेव शर्मा द्वारा श्री बहिराणा साहिब जी की महाआरती के साथ पूजा अर्चना की जाएगी। इसके बाद निकलने वाली विशाल शोभायात्रा में भगवान झूलेलाल जी, संत कंवर राम जी और श्री राम दरबार की आकर्षक झांकियां शामिल रहेंगी। बैंड-बाजों के साथ यह यात्रा नगर भ्रमण कर माँ नर्मदा के तट पर पल्लव पूजा के साथ संपन्न होगी।

# कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने दी महिला सशक्तिकरण की सीख

चांगरिया में उमड़ा नारी शक्ति का सैलाब, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जीता दिल



**भुआ बिछिया।** भुआ बिछिया विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत चांगरिया में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गढ़ा मंडला की शौर्य प्रतीक वीरांगना रानी दुर्गावती के तैल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने की।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। जगमंडल-अंजनिया रेंजर लतिका उपाध्याय ने महिलाओं को वन अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिक्षा विभाग की ओर से व्याख्याता सुनीता मरावी, अल्पना झरिया और द्रौपदी मरकाम ने बेटियों की शिक्षा, छात्रावास व्यवस्था और सशक्त बेटी-सशक्त समाज के संकल्प पर प्रकाश डाला।

### नशा मुक्ति और मनोरंजन का देखने मिला अनूठा संगम

कार्यक्रम में महिलाओं ने न केवल अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा दिखाई, बल्कि सामाजिक सरोकारों से भी जोड़ा। महिलाओं द्वारा शराब के खिलाफ तैयार किए गए गीतों ने नशे जैसी सामाजिक बुराई पर कड़ा प्रहार किया। इसके अलावा कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़ और बच्चों के नृत्य जैसी विविध प्रतियोगिताओं ने वातावरण को खुशनुमा और यादगार बना दिया।

### मंत्री ने महिलाओं के योगदान की सराहना की

कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की नींव महिलाओं की शक्ति पर टिकी है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों की चर्चा की और महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने भी ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम को सफल बनाने में बिछिया विचार मंच की अध्यक्ष रागिनी परते, उपाध्यक्ष इलायची उइके और उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर सरपंच संघ जिला अध्यक्ष अजय कुशराम, चांगरिया सरपंच दसरू मार्को, भीमा सरपंच रामकुमारी सैयाम, भावा माल सरपंच सरस्वती धुर्वे, अनीता सरवटे, सुखवंती मरावी सहित मटियारी, सुरपन, बंजर और हालोन फेडरेशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन रामप्यारी नंदा एवं सरस्वती मशकोले ने किया।

# प्रसव पीड़ा से तड़प रही गाय की डॉक्टरों ने बचाई जान

अंजनिया के पशुपालक की गाय का हुआ जटिल ऑपरेशन



**अंजनिया।** जिला पशु चिकित्सालयके डॉक्टरों ने एक बार फिर अपनी कार्यकुशलता का परिचय देते हुए एक गाय का सफल सिजेरियन ऑपरेशन किया है। पिछले दो दिनों से गंभीर प्रसव पीड़ा से जूझ रही गाय अब पूरी तरह स्वस्थ और सुरक्षित है।

जानकारी अनुसार बिछिया विकासखंड के ग्राम अंजनिया निवासी पशुपालक भानु मरावी की गाय पिछले दो दिनों से प्रसव नहीं कर पा रही थी और असहनीय पीड़ा में थी। पशु चिकित्सालय में जब विशेषज्ञों ने जांच की, तो पाया गया कि गर्भ में पल रहे बछड़े की मृत्यु हो चुकी थी। स्थिति इतनी जटिल थी कि सामान्य प्रसव कराना संभव नहीं था, जिससे गाय की जान को भी बड़ा खतरा पैदा हो गया था।उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. यू.एस. तिवारी के मार्गदर्शन में प्रभारी शल्य चिकित्सा विंग डॉ. सुमित कुमार पटेल और डॉ. श्रुति गौर के नेतृत्व में तत्काल सर्जरी का निर्णय लिया गया। टीम में रामचंद्र शुक्ला, पारिता जैन, आशुतोष चौधरी एवं सहायक स्टाफ शामिल रहा। डॉक्टरों की इस टीम ने घंटों चली मेहनत के बाद सफलतापूर्वक सिजेरियन सर्जरी कर मृत बछड़े को बाहर निकाला और गाय की जान बचाई।

### पशुपालक ने जताया आभार

ऑपरेशन के बाद गाय की स्थिति सामान्य बनी हुई है और उसे डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। समय पर मिले इलाज और सफल ऑपरेशन से खुश होकर पशुपालक भानु मरावी ने जिला पशु चिकित्सालय की पूरी टीम के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है।




# नशा मुक्ति और किशोरियों की सुरक्षा का लिया संकल्प

सृष्टि सोशल वेलफेयर फाउंडेशन ने महिलाओं को किया सम्मानित

**बीजाडांडी।** विकासखंड बीजाडांडी के ग्राम पंचायत रामतिला में सृष्टि सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत बीजाडांडी की अध्यक्ष श्रीमती करिश्मा पट्टा उपस्थित रहीं। इस दौरान ग्रामीण विकास और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष श्रीमती करिश्मा पट्टा ने ग्रामीण परिवेश में नशा मुक्ति की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने किशोरियों की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान करते हुए कहा कि सशक्त समाज के लिए महिलाओं का मानसिक और शारीरिक रूप से सुरक्षित होना अनिवार्य है। विशिष्ट अतिथि धनवाही सरपंच श्रीमती चित्रलेखा मरावी ने लिंग समानता के अधिकारों पर विस्तृत जानकारी साझा की।

संस्था के संचालक योगेंद्र प्रसाद जाटव ने महिलाओं और बालिकाओं के वास्तविक सशक्तिकरण के लिए कानूनी अधिकारों और कौशल विकास की महत्ता बताई। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के नए अवसर सृजित करने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के व्यावहारिक तरीके साझा किए। कार्यक्रम में बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सीखने और अपनी क्षमताओं को पहचानने के लिए प्रेरित किया गया। नारी शक्ति को प्रदर्शित करने के लिए कार्यक्रम में विभिन्न खेलकूद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें धनवाही और रामतिला पंचायत की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर कृषि विभाग के बीटीएम मोहित गोलानी, संस्था प्रतिनिधि साक्षी बिरयानी, लतामंगेश्वरी बैरागी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अस्पताल संचालक को हनीट्रैप में फंसाने की कोशिश

37 लाख की रंगदारी मांगी पुलिस ने दर्ज की एफआईआर



**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना क्षेत्र में अस्पताल संचालक को हनीट्रैप जाल में फंसाने की कोशिश की गई ।शातिर गिरोह ने मोटी रकम वसूलने बलात्कार और पाक्सो एक्ट के संगीन मामले में फंसाने की धमकी देकर 37 लाख की रंगदारी मांगी गई। बाद में पुलिस ने डॉक्टर की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक डॉ. अमित खरे निवासी संजीवनी नगर के मोबाइल पर प्रवीण सिंह नामक व्यक्ति का व्हाट्सएप कॉल आया। आरोपी ने डॉक्टर के करीबी दोस्त अभिषेक पाण्डे का हवाला देते हुए परिचय बढ़ाया और विश्वास जीता। जब बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ, तो प्रवीण ने अचानक पैंतरा बदला और कहा कि एक लड़की डॉक्टर के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज कराने की तैयारी में है। आरोपी ने दावा किया कि उसने फिलहाल पुलिस रिपोर्ट रुकवा रखी है और मामला रफा-दफा करने के लिए पैसे लगेंगे। आरोपी ने रिपोर्ट रोकने के एवज में पहले 37 लाख रुपये की मांग की। मोलभाव के दौरान आरोपी अपने दो अन्य साथियों के साथ स्मार्ट सिटी अस्पताल भी पहुँचा, जहाँ उसने पीड़िता पर दबाव बनाया। अंतत: मामला 8 लाख रुपये में तय हुआ। आरोपी ने धमकी दी थी कि यदि शुक्रवार तक पैसे नहीं मिले, तो एफआईआर निश्चित है। इसके बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि यह गिरोह प्रतिष्ठित लोगों को सॉफ्ट टारगेट बनाकर ब्लैकमेल करता है।

### जाल बिछाकर धरदबोचा

प्रकरण दर्ज करने के बाद पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से आरोपियों को कछपुरा ब्रिज पर तय रकम लेने बुलाया और घेराबंदी कर दी। जैसे ही स्कार्पियो क्रमांक एमपी 20 सीएफ1697 पहुंची तो उसे रोक लिया। साथ ही प्रवीण सिंह दहायत पिता अशोक कुमार दहायत 37 वर्ष निवासी आदर्श नगर कॉलोनी रांझी, पवन देवक पिता कौशल कुमार देवक 48 वर्ष निवासी रामपुर चौक, गोरखपुर बृजेश समन पिता कृपा शंकर समन 41 वर्ष निवासी रामनगर, रामपुर गोरखपुर को दबोच लिया गया । जिन्होंने पूछताछ में डॉक्टर को झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर रूपयों की मांग करना स्वीकार किया।

**माइक, अंकसूची, छात्र संगठन के लेटर पैड, कलेक्टर के नाम का आवेदन जब्त**

आरोपियों के कब्जे से स्कार्पियो, दो मोबाइल, दो प्रोफेशनल माईक, एक छात्रा की कक्षा 10वीं की अंकसूची एवं अखिल भारतीय छात्र संगठन के लेटर पैड, जिला दण्डाधिकारी के नाम टाइप किए गए आवेदन जप्त कर सभी को जेल भेज दिया गया।

# इंस्टाग्राम रील के जरिए गुरु माता ने फैलाया ठगी का मायाजाल

समस्या का समाधान करने के नाम पर छात्रा से ऐंठे 1.97 लाख

**जबलपुर।** सोशल मीडिया पर रील देखना एक छात्रा को महंगा पड़ गया। इंस्टाग्राम पर फैले गुरू माता के ठगी के जाल में फसंकर उसने दो लाख गवां दिए। दरअसल समस्या समाधान का झांसा देकर युवती से किश्तों में करीब 1 लाख 97 हजार रुपये ठग लिए गए। मदनमहल पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिलीजानकारी के अनुसार मूलत: ग्राम जमगांव मंडला निवासी 32 वर्षीय यामिनी नागरिया वर्तमान में मदनमहल के नेपियर टाउन में रहकर पढ़ाई कर रही हैं। बीती रात इंस्टाग्राम पर रील देखते समय उनका संपर्क निशा दयाल नामक महिला से हुआ। निशा ने बातों-बातों में झांसा दिया कि जयपुर की एक गुरु माता उनके घर की हर समस्या दूर कर सकती हैं। ठगों ने यामिनी को एक मोबाइल नंबर दिया और बताया कि घर की शांति के लिए 2 हजार रुपये की अनुष्ठान राशि रखनी होगी, जो बाद में वापस मिल जाएगी। इसके बाद जालसाजों ने अलग-अलग पारिवारिक समस्याओं का डर दिखाकर छात्रा को अपने जाल में फंसा लिया।

### अलग-अलग क्यूआर कोड के जरिए ऐंठी राशि

आरोपियों ने अलग-अलग क्यूआर कोड भेजकर यामिनी से कुल 1,97,390 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। जब पैसे वापस नहीं मिले और आरोपियों ने और रकम की मांग की, तब छात्रा को ठगी का अहसास हुआ। जिसके बाद मामला थाने पहुचा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। साथ ही उन बैंक खातों और मोबाइल नंबरों को ट्रेस कर रही है, जिनके जरिए ठगी की इस वारदात को अंजाम दिया गया।